दिनांक–06.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज यूपी और राजस्थान में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी राजस्थान में चुनावी सभा
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज प्रदेश में चुनावी रैली करेंगे, इंडिया गठबंधन की भोपाल में बैठक
- प्रदेश में मतदाता जागरूकता के लिए रैलियों, नुक्कड़ नाटक और रंगोली प्रतियोगिताएं
- प्रदेश में अगले तीन दिनों में बारिश का अनुमान, आंधी के साथ ओले गिरने की भी चेतावनी

अब समाचार विस्तार से:–

**पीएम रैली**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजस्थान के अजमेर जिले में पुष्कर के पास चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी की राजस्थान में यह तीसरी जनसभा है। बाद में शाम को, श्री मोदी का गाजियाबाद में एक रोड शो में भाग लेने का कार्यक्रम है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी राजस्थान में जनसभा को संबोधित करेंगे।

**रक्षा मंत्री**

मध्य प्रदेश में, नामांकन पत्रों की जांच के बाद दूसरे चरण के मतदान के लिए सात सीटों पर 93 नामांकन वैध पाए गए हैं। जांच के दौरान 16 नामांकन निरस्त हुए हैं ।

दूसरे चरण के लिए सोमवार तक नाम वापस लिए जा सकेंगे।

मध्य प्रदेश में प्रचार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है।

Voice Cast (Audio file attached)

केंद्रीय रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह आज मध्य प्रदेश के सिंगरौली और सीधी में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

वहीं, भाजपा आज अपने स्थापना दिवस पर सभी 65 हजार से ज्यादा बूथों पर कार्यक्रम करेगी।

कांग्रेस ने आज भोपाल में गठबंधन के सहयोगी दलों की बैठक बुलाई है। बैठक में संयुक्त रूप से प्रचार की रणनीति पर विचार विमर्श किया जाएगा। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी इंदौर और महू में चुनाव प्रचार करेंगे।

उधर,खजुराहो से उम्मीदवार मीरा यादव का नामांकन रद्द होने पर समाजवादी पार्टी ने रिटर्निंग अधिकारी की शिकायत चुनाव आयोग से की है।

**निर्वाचन आयोग बैठक**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मतदान प्रतिशत बढाने के लिए चयनित जिलों के निगम आयुक्तों और चुनाव अधिकारियों को मतदान केन्द्र वार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये है। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए अलग-अलग कार्यनीतियां बनाने को कहा है। कल नई दिल्ली में उन ग्यारह राज्यों के निगमायुक्त और चुनाव अधिकारियों के साथ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बैठक की। जहां पिछले चुनाव में मतदाताओं की भागीदारी कम रही थी। बैठक का उद्देश्य 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को इस प्रकार काम करने के निर्देश दिये जिससे मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी से गौरवान्वित महसूस करें। उन्होंने ऐसे प्रयासों की अपील की जिसमें लोग मतदान के लिए स्वयं प्रेरित हों। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी संसदीय क्षेत्रों की पहचान की गई है। जहां मतदाताओं की भागीदारी बढाने के प्रयास किये जाएंगे। इसके लिए उन्होंने त्रिसूत्रीय रणनीति पर बल दिया। इनमें मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं बढाना। लक्षित ढंग से मतदाताओं तक पहुंचना तथा लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण पक्षों को शामिल करना है।

**जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए ‘जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं रायसेन जिले से दिनेश सिंह राजपूत का संदेश। -

**बाइट- दिनेश सिंह राजपूत**

**मतदाता जागरूकता (1)**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से झाबुआ में महिलाओं की वाहन रैली का आयोजन किया गया। वाहन रैली में विभिन्न सामाजिक संस्था की महिलाओ की सहभागिता रही। इस वाहन रैली का उद्देश्य मतदाता जागरूकता रैली, नारी शक्ति का परिचय और सड़क दुर्घटना से बचने के लिए वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग किए जाने का संदेश दिया। संभागायुक्त दीपक सिंह ने भगोरिया के दौरान जिले में आयोजित की गई विभिन्न स्वीप गतिविधियों के पोस्टर का अनावरण किया। संभागायुक्त ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटोग्राफ्स क्लिक करवा कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उज्जैन में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत नगर परिषद माकड़ोन , नगर पालिका महिदपुर कार्यालय,नगर पालिका खाचरोद कार्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए शासकीय महाविद्यालय तराना में मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाए गए व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। खण्डवा  में ग्राम ढकोची में मेहंदी लगाकर एवं रंगोली बनाकर महिला मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

रायसेन नगर में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराए जाने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को मतदान का महत्व बताते हुए मतदान को लेकर जागरूक किया।

छतरपुर जिले में जागरूकता रैलियों का आयोजन, शपथ, नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**निर्वाचन आयोग - भ्रामक संदेश**

निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सऐप पर प्रसारित हो रहे संदेश को गलत बताया है, जिसमें 15 लाख ई.वी.एम. गायब होने का दावा किया गया एक सोशल मीडिया पोस्ट में निर्वाचन आयोग ने कहा कि यह दावा भ्रामक है। यह भी बताया गया कि एक भी ईवीएम गायब नहीं हुई है और सर्वोच्च न्यायालय ने भी ईवीएम अनियमितता वाली याचिका को खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि विश्वसनीय सूचना के लिए आधिकारिक वेबसाइट को देखें।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ और चक्रवाती हवाओं से बने सिस्टम की वजह से प्रदेश के आधे से अधिक क्षेत्र में आज से अगले तीन दिन तक मौसम बदला रहने की संभावना है। भोपाल, इंदौर-उज्जैन में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी का अनुमान है। ग्वालियर-जबलपुर समेत कई जिलों में आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर और शहडोल में बारिश हो सकती है। वहीं, भोपाल, मुरैना, भिंड, उज्जैन, शाजापुर, देवास, सीहोर में गरज-चमक की स्थिति रहेगी। यहां हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- ओरछा में श्री रामराजा मंदिर में रामनवमी पर्व 17 से 21 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। रामनवमी पर 17 अप्रैल को 12 बजे रामजन्म उत्सव होगा। इसके साथ ही 18 अप्रैल को प्रातः 5 बजे मंगला आरती होगी।
- खण्डवा के उपस्वास्थ्य केन्द्र अत्तर में स्वास्थ्य सुविधाओं का मूल्यांकन राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक दिल्ली की टीम द्वारा किया गया। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम व अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत् जिले ने लक्ष्य से अधिक उपलब्धि हासिल की है।
- आगरमालवा कृषि उपज मंडी में 07 से 14 अप्रैल तक सात दिनों तक अवकाश रहेगा। मंडी सचिव ने बताया कि अवकाश के दिनों में एमपी फार्म गेट एप्प के माध्यम से ऑनलाईन सौदा पत्रक की वैकल्पिक व्यवस्था के अन्तर्गत कृषकों से कृषि उपज का क्रय-विक्रय जारी रहेगी।
- मैहर जिले को जिला प्रशासन द्वारा जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है।

____________________